
P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


इंदौर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 143
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत


राष्ट्रपिता को नमन...

# सबसे बड़ी शर्त मान गया ईरान! अमेरिका का पीस टॉक-2 पर नया ऐलान



**वॉशिंगटन (एजेंसी) ●** अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई पहले दौर की बातचीत तो फेल हो चुकी है, लेकिन अब कयास लगाए जा रहे हैं कि दूसरे दौर की बातचीत जल्दी शुरू हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए उत्सुक है और उसने वार्ता के लिए अमेरिका को एक बार फिर संदेश भेजा है। वहीं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी कहा है कि इस्लामाबाद टॉक में ईरान के साथ समझौते में कुछ प्रगति हुई है। अमेरिकी नेताओं के ये बयान दिखाते हैं कि ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत जल्दी हो सकती है।

**तारीख और जगह पर विचार कर रहा अमेरिका:** अमेरिकी मीडिया ह्हह्ह की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अधिकारी ईरान के साथ संभावित दूसरी आमने-सामने बैठक की तैयारियों पर आंतरिक स्तर पर चर्चा कर रहे हैं। यह बैठक वॉशिंगटन और तेहरान के बीच लागू सीजफायर के अगले सप्ताह समाप्त होने से पहले आयोजित की जा सकती है। अमेरिकी अधिकारियों की ओर से संभावित तारीखों और जगहों पर विचार किया जा रहा है, बशर्ते कि आने वाले दिनों में ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थों के साथ चल रही बातचीत में प्रगति होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिनेवा और इस्लामाबाद अगली वार्ता के संभावित स्थानों के रूप में सामने आए हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि तुर्किए अमेरिका और ईरान के बीच दूरी कम करने का प्रयास कर रहा है।

### इस बार पाकिस्तान में नहीं होगी बैठक?

एसोसिएटेड प्रेस ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद या फिर जेनेवा में दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है। यह वार्ता 16 अप्रैल यानी दो दिन बाद ही संभव है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अब तक ये तय नहीं हुआ है कि बैठक किस देश में और कब होगी। इस्लामाबाद में हुई वार्ता के दौरान अमेरिका ने ईरान से 20 वर्षों तक यूरेनियम संवर्धन बंद करने और अपने उच्च स्तर के संवर्धित भंडार को देश से हटाने की मांग की थी, जबकि ईरान ने कम अवधि और नियंत्रित तरीके से उसे कम करने का प्रस्ताव रखा। इसी मुद्दे पर मतभेद के कारण समझौता नहीं हो सका। हालांकि अब ये भी सामने आया है कि ईरान न्यूक्लियर संवर्द्धन पर कुछ झुकने के लिए तैयार हो गया है।

# 10वीं का रिजल्ट कल

**भोपाल (एजेंसी) ●** एमपी बोर्ड 10वीं का रिजल्ट इस बार 15 अप्रैल को घोषित होगा, जो पिछले साल से काफी पहले है। पिछले साल 76% से ज्यादा छात्र पास हुए थे और इस बार भी बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई जा रही है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम तय समय से काफी पहले जारी करने जा रहा है। 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इस बार परिणाम की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। पिछले साल के मुकाबले इस बार रिजल्ट करीब तीन हफ्ते पहले आ रहा है, जिससे लाखों छात्रों का इंतजार जल्दी खत्म हो जाएगा।

साल 2025 में 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 6 मई को जारी किया गया था, लेकिन इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया समय से पहले पूरी होने के कारण 15 अप्रैल को ही नतीजे घोषित किए जा रहे हैं। बोर्ड का उद्देश्य है कि छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल सके।

### छात्राओं ने मारी थी बाजी

पिछले साल भी छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा। लड़कियों का पास प्रतिशत करीब 79 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का परिणाम लगभग 73 प्रतिशत के आसपास रहा। लाखों छात्रों में से बड़ी संख्या ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की, जिससे रिजल्ट की गुणवत्ता बेहतर मानी गई। जो छात्र एक या दो विषयों में पास नहीं हो पाए, उन्हें पूरक परीक्षा का अवसर दिया गया था जिससे उनका साल खराब नहीं हुआ।

### इस बार क्या खास

इस साल रिजल्ट जल्दी जारी होने से छात्रों को आगे की पढ़ाई, विषय चयन और प्रवेश प्रक्रिया के लिए ज्यादा समय मिलेगा। साथ ही जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं होंगे, वे पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। लाखों छात्रों की नजरें रिजल्ट परहर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं 10वीं परीक्षा में शामिल हुए हैं। अब सभी को 15 अप्रैल का इंतजार है, जब उनका भविष्य तय करने वाला रिजल्ट सामने आएगा।



## बाबा साहब का सपना और हमारी जिम्मेदारी

अक्षय की बात अपनों के साथ



आज का दिन भारत के इतिहास में एक प्रेरणादायक अध्याय की तरह दर्ज है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती केवल एक महापुरुष को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उन विचारों और मूल्यों को आत्मसात करने का दिन है, जिन पर आधुनिक भारत की नींव टिकी है।

डॉ. आंबेडकर ने जिस भारतीय संविधान का निर्माण किया, वह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों का जीवंत घोषणापत्र है। उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की, जहां जाति, धर्म, भाषा या वर्ग के आधार पर भेदभाव की कोई जगह न हो। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय का भरोसा मिला है।

आज जब हम संविधान के 76 वर्षों की यात्रा को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि विविधताओं से भरे इस देश में एक ही संविधान का सम्मान और पालन अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। अलग-अलग भाषाएं, संस्कृतियां और परंपराएं होने के बावजूद भारत एक सूत्र में बंधा हुआ है—और इस एकता की डोर को मजबूत करने का श्रेय काफी हद तक बाबा साहब को जाता है।

हालांकि, यह भी एक सच्चाई है कि समय-समय पर संविधान की आत्मा को चुनौती देने वाली घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में बाबा साहब के विचार हमें यह याद दिलाते हैं कि केवल अधिकारों की बात करना पर्याप्त नहीं, बल्कि कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का पालन भी उतना ही आवश्यक है। संविधान तभी जीवित और प्रभावी रहेगा, जब देश का हर नागरिक उसे केवल किताबों तक सीमित न रखकर अपने आचरण में उतारे।

आज आंबेडकर जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के उन सिद्धांतों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे, जिनके लिए बाबा साहब ने संघर्ष किया। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**बाबा साहब को शत-शत नमन।**

## न्यूज ब्रीफ

- सिद्धारमैया ने पार्टी-विरोधी गतिविधियों के चलते अपने राजनीतिक सचिव नजीर अहमद को पद से हटाया
- नोएडा के सेक्टर 80 में कर्मचारियों ने फिर शुरू किया प्रदर्शन
- पीएम मोदी आज नमो एप के माध्यम से पश्चिम बंगाल के बीजेपी बूथ कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद
- फिर बातचीत की टेबल पर आ सकते हैं अमेरिका-ईरान, गुरुवार से शुरू हो सकता है नया दौर
- यूपी सरकार ने श्रमिकों के असंतोष के बाद देर रात न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की
- अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का एक नया दौर गुरुवार से हो शुरू हो सकता है

# एलिवेटेड कॉरिडोर का मामला कोर्ट में फिर भी शुरू हुआ निर्माण, खुदाई जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** एबी रोड पर प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर का काम शुरू हो गया है, जबकि मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। बीआरटीएस की रेलिंग हटाकर और खुदाई शुरू कर दी गई है। 900 करोड़ रुपये से अधिक की इस परियोजना को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं।



यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है, इसके बावजूद प्रोजेक्ट का काम जमीन पर शुरू हो चुका है। इस परियोजना की लागत छह सौ करोड़ रुपये से अधिक है। छह किलोमीटर से ज्यादा लंबे इस कॉरिडोर पर अनुमानित रूप से केवल 8 से 10 प्रतिशत ट्रैफिक ही सीधे गुजर पाएगा, फिर भी इसका निर्माण जारी है। इसके लिए एलआईजी क्षेत्र में शेड लगाए जा चुके हैं और खुदाई का काम भी शुरू हो गया है। ट्रैफिक के बीच निर्माण कार्य होने के कारण यातायात प्रभावित होने की संभावना है।

इस कॉरिडोर की खुदाई में सबसे अधिक परेशानी गीताभवन चौराहे से जीपीओ के बीच आएगी, क्योंकि यहां जमीन पथरीली है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर बीच में ही नर्मदा पाइपलाइन मौजूद है, जिसे शिफ्ट करना होगा।

एलिवेटेड कॉरिडोर की लागत अब लगभग दोगुनी हो चुकी है। पहले इस प्रोजेक्ट की लागत 300 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन अब यह बढ़कर 600 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। यह कॉरिडोर एलआईजी चौराहे से नवलखा चौराहे तक लगभग छह किलोमीटर लंबाई में बनाया जाएगा। हाल ही में इस प्रोजेक्ट को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जनप्रतिनिधियों की बैठक ली थी, जिसमें निर्णय लिया गया कि तीन चौराहों पर रैंप (भुजाएं) उतारी जाएंगी और रोटरी भी बनाई जाएगी।

करीब डेढ़ साल पहले हुए सर्वे में इस कॉरिडोर पर केवल 4 प्रतिशत ट्रैफिक लोड सामने आने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस प्रोजेक्ट को निरस्त कर दिया था, लेकिन चार माह पहले हुई शहर विकास बैठक में इसे फिर मंजूरी दे दी गई। अब इसका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसके अलावा नगर निगम एलआईजी से निरंजनपुर तक के हिस्से में डिवाइडर भी बना रहा है।

उल्लेखनीय है कि यह प्रोजेक्ट करीब 15 साल पहले यूपीए सरकार के शासनकाल में मंजूर हुआ था। बीआरटीएस पहले से बने के कारण इस परियोजना को लेकर कई बार असमंजस की स्थिति बनी रही। बीआरटीएस कॉरिडोर पर एलिवेटेड कॉरिडोर की योजना, ट्रैफिक सर्वे और मिट्टी परीक्षण पर ही 5 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। मिट्टी परीक्षण पूरा हो चुका है और इस छह किलोमीटर लंबे कॉरिडोर के निर्माण में लगभग तीन साल का समय लगेगा। एलिवेटेड कॉरिडोर का ठेका वर्ष 2021 में गुजरात की राजकमल बिल्डर्स को दिया गया था।

## इंदौर समेत इन 10 जिलों में चलेगी हीटवेव



**इंदौर ●** प्रदेश में बादलों के जाते ही भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। इंदौर और आसपास के इलाकों में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है और मौसम विभाग ने 16 अप्रैल से कई जिलों में लू चलने की चेतावनी दी है।

# बिहार की सियासत में आज बड़ा दिन: नीतीश कुमार देंगे इस्तीफा

## कल शपथ लेगी नई एनडीए सरकार

**पटनाः (एजेंसी) ●** बिहार की राजनीति में 14 अप्रैल का दिन काफी महत्वपूर्ण है। एक ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक होगी। दोपहर में भाजपा और जदयू विधायकों की अलग-अलग बैठकें होंगी। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोक भवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। सीएम नीतीश कुमार के त्यागपत्र देने के साथ ही नई सरकार गठन का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। शाम में एनडीए विधायकों की बैठकें होंगी। इस बैठक में नए नेता के चुनाव के साथ ही सीएम फेस के अटकलों पर विराम लग जाएगा। 15 अप्रैल को पटना स्थित लोक भवन में नए मुख्यमंत्री को शपथ दिलाई जाएगी।



### नीतीश कैबिनेट की बैठक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। नीतीश कैबिनेट की अंतिम बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसला लिए जाने की संभावना है। इस बैठक में नीतीश कुमार के सीएम पद से त्यागपत्र दिए जाने की संभावना है। सीएम नीतीश कुमार कैबिनेट की बैठक में शामिल होने के पहले अम्बेडकर जयंती में भी शामिल होंगे। वो पटना हाईकोर्ट के सामने स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुख्य सचिवालय पहुंचेंगे। कैबिनेट की बैठक के बाद को सामूहिक फोटोग्राफी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार दोपहर 2 बजे से जदयू के विधायक दल की बैठक सीएम आवास में बुलाई गई है। इस बैठक में नीतीश कुमार के सीएम पद से इस्तीफा दिए जाने के फैसले लेकर औपचारिक जानकारी दी जाएगी। बैठक में निशांत कुमार को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के बारे में भी अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

# जनगणना में गलत जानकारी देने पर 3 साल तक सजा

**भोपाल (एजेंसी) ●** मध्य प्रदेश में जनगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। गृह विभाग ने प्रक्रिया को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार नागरिकों को जनगणना में गलत जानकारी देने पर जुर्माना और तीन साल तक हो सकती है। प्रदेश में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच रही हैं। राज्य सरकार ने गृह विभाग को इस कार्य के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया है, जो पूरे अभियान की निगरानी करेगा। इसी के तहत जनगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है। निर्देशों के अनुसार, जनगणना के दौरान गलत जानकारी देने या कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे मामलों में तीन साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। गाइडलाइन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जनगणना कर्मी केंद्र सरकार द्वारा तय प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र करेंगे और प्रत्येक नागरिक का दायित्व होगा कि वह सही जानकारी उपलब्ध कराए। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति परिवार की किसी महिला का नाम बताने से इनकार करता है, तो कर्मचारी उस पर दबाव नहीं बना सकेंगे।



# शहर में आक्रामक, गांव में खामोश—वंदे मातरम विवाद पर बीजेपी की दोहरी रणनीति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** वंदे मातरम को लेकर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। शहर की सियासत में जहां भारतीय जनता पार्टी पूरी आक्रामकता के साथ मैदान में उतरी हुई नजर आ रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। शहरों में बीजेपी के नेता लगातार बयानबाजी कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं और वंदे मातरम को राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताते हुए इसे अनिवार्य बनाने की मांग उठाई जा रही है। नगर निगम से लेकर सड़कों तक पार्टी कार्यकर्ता सक्रिय दिखाई दे रहे हैं और मुद्दे को पूरी ताकत से उठाया जा रहा है।

इसके विपरीत, गांवों में स्थिति बिल्कुल अलग है। यहां न तो कोई बड़ा आंदोलन देखने को मिल रहा है और न ही पार्टी नेताओं के मुखर बयान सामने आ रहे हैं। ग्रामीण इकाइयों की यह खामोशी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है या फिर स्थानीय स्तर पर मुद्दे की प्राथमिकता कम है—यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।



- **वंदे मातरम विवाद पर शहर की बीजेपी आक्रामक लेकिन गांव की बीजेपी शांत बैठी है**
- **कोई आंदोलन नहीं, कोई बयान नहीं**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शहरों में यह मुद्दा अधिक प्रभावी है, जहां मीडिया और जनमत का दबाव ज्यादा रहता है। वहीं गांवों में रोजमर्रा के मुद्दे—कृषि, रोजगार और बुनियादी सुविधाएं—अभी भी प्राथमिकता में हैं, जिसके चलते पार्टी इस विवाद को वहां ज्यादा हवा नहीं देना चाहती।

हालांकि, विपक्ष इस स्थिति को बीजेपी की दोहरी नीति करार दे रहा है। उनका आरोप है कि पार्टी शहरों में राष्ट्रवाद का मुद्दा उछालकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, जबकि गांवों में वही मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कुल मिलाकर, वंदे मातरम विवाद ने बीजेपी की रणनीति के दो अलग-अलग चेहरे सामने ला दिए हैं—एक आक्रामक और मुखर, दूसरा शांत और संयमित। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी इस मुद्दे को किस दिशा में ले जाती है और क्या गांवों में भी इसकी गूंज सुनाई देती है या नहीं।

न्यूज ब्रीफ

## एसजीएसआईटीएस, 25वां प्रो. डीजी. धवलीकर स्मृति व्याख्यान एवं स्वर्ण पदक समारोह आयोजित

**इंदौर ●** जी.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (स्त्रस्ङ्क्षअस्), इंदौर में दिनांक 12 अप्रैल 2026, रविवार को 25वां प्रो. डी.जी. धवलीकर स्मृति व्याख्यान एवं स्वर्ण पदक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स, इंदौर तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं—इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स, इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी एवं इंडियन सोसाइटी ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स—के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजी. एच.आई. मेहता, अध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स (स्थ), इंदौर के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात इंजी. डी.एस. परिहार, माननीय सचिव, स्थ, इंदौर द्वारा स्मृति व्याख्यान की पृष्ठभूमि एवं स्व. प्रो. डी.जी. धवलीकर के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया गया। स्व. प्रो. डी.जी. धवलीकर, जिनकी स्मृति में यह व्याख्यान आयोजित किया जाता है, पूर्व निदेशक एवं इस एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य थे। उनका योगदान आज भी इंजीनियरिंग समुदाय को प्रेरित करता है।

## गोल्ड कॉइन सेवा ट्रस्ट द्वारा रणजीत हनुमान मंदिर पर इंसानों के साथ परिंदों के लिए भी 'जल मित्र प्याऊ'

**इंदौर ●** भीषण गर्मी की शुरुआत को देखते हुए गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट ने रणजीत हनुमान मंदिर के बाहर 'जल मित्र प्याऊ' की स्थापना कर आम लोगों के साथ ही मूक पशु-पक्षियों की सेवा का अनूठा संकल्प किया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने इस प्याऊ का विधिवत शुभारंभ करते हुए इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ प्रशंसा की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजय अग्रवाल एवं संदीप नागर भी विशेष रूप से उपस्थित थे जिन्होंने नागरिकों को शीतल पेय जल पिलाकर इस सेवा कार्य की शुरुआत की। इस प्रकल्प में संस्था संघ मित्र के पारस सोनगरा, प्रफुल्ल मंत्री, सत्यनारायण राठी एवं अनिल भाई का विशेष योगदान रहा। महापौर प्रतिनिधि और भाजपा के नगर उपाध्यक्ष भारत पारख को इस सेवा कार्य के विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रस्ट के प्रमुख संजय अग्रवाल ने बताया कि प्याऊ के माध्यम से ट्रस्ट ने इंसानों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सेवा के साथ ही जीवदया का सन्देश देने के लिए सकोरा अभियान भी शुरू करने का निश्चय किया है। इसके लिए दशरथ सेवा आश्रम चाणक्यपुरी के माध्यम से सैकड़ों जल पात्र तैयार किए गए हैं जो भीषण गर्मी के दौरान हर प्यासे कंठ को तृप्ति प्रदान करेंगे।

# निगम के कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत से शुरुआत, राष्ट्रगान से होगा समापन

## मेयर इन काउंसिल की विशेष बैठक में अहम निर्णय

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर ●** महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में मेयर इन कौंसिल की विशेष बैठक संपन्न हुई, जिसकी शुरुआत में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया, जिसको सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण देखा गया। महापौर भार्गव ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को नेतृत्व में आगे लाकर देश के विकास को नई दिशा देगा। साथ ही बैठक में एक अहम निर्णय लिया गया। सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि निगम के सभी आयोजनों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत एवं समापन राष्ट्र गान से किया जाए। इस प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।




### संपत्तिकर में छूट और नामकरण प्रस्ताव

बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 जून 2026 तक संपत्तिकर अग्रिम जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। साथ ही लव-कुश विहार स्थित उद्यान का नामकरण जसुबेन गोस्वामी के नाम पर करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को मंजूरी दी गई नगर कोलक निगम, इन्वर टिगरिया बादशाह मेन रोड से कुशवाह नगर होते हुए उज्जैन नाका बाणगंगा तक 20 करोड़ रुपए की लागत से लिंक रोड का निर्माण 98 लाख रुपए की लागत से 25 स्मार्ट शौचालयों का निर्माणएवं 15 वर्षों का संचालन-संधारण कबीट खेड़ी स्थित 245 एमएलडी एसबीआर आधारित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं 100 एमएलडी पंपिग स्टेशन के संचालन-संधारण कार्य में वृद्धि इंदौर नगर निगम ने अपने सभी कार्यक्रमों के आरंभ और समापन अवसरों पर राष्ट्रगीत और गान गाने का निर्णय लिया है। एमआईसी की बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया था जिसको सर्वसम्मत्ति से मंजूरी दी है।

### महिलाओं के नेतृत्व से देश हुआ मजबूत

महापौर भार्गव ने कहा कि नारी शक्ति के निर्णय हमेशा देश की दशा को मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व प्रदान कर देश को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करेगा। इसलिए आज इंदौर नगर निगम के एमआईसी ने विशेष बैठक बुलाकर इस अधिनियम के समर्थन प्रस्ताव को पेश किया और ये संकल्प भी लिया कि इसके उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम हम करेंगे। साथ ही इस प्रस्ताव के लिए इंदौर नगर निगम की महिला पार्षदों को, जनप्रतिनिधियों को और सभी महिलाओं को बधाई देता हूं कि आप सभी के नेतृत्व में देश के हित का एक नया कानून 16 अप्रैल को देश के संसद में आ जाएगा।

# देपालपुर के पुजारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खाद-बीज की किल्लत और ई-टोकन की समस्या के समाधान के लिए 'ग्वालियर मॉडल' लागू करने की मांग**



दैनिक इंदौर संकेत

**देपालपुर ●** श्री रामानंदी नवनिर्माण सेना (मध्य प्रदेश) के बैनर तले आज देपालपुर तहसील के पुजारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित बैरागी के नेतृत्व में व राहुल बैरागी जिला अध्यक्ष रवि गोस्वामी के सहयोग से सौंपे गए इस ज्ञापन में मंदिर की कृषि भूमि से जुड़ी तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने की पुरजोर मांग की गई है।

**मुख्य समस्याएं:** खाद से लेकर उपार्जन तक ज्ञापन में पुजारियों ने प्रशासन को बताया कि वर्तमान व्यवस्था में उन्हें निम्नलिखित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है: खाद-बीज की अनुपलब्धता: भूमि 'मूर्ति' के नाम पर दर्ज होने के कारण सहकारी समितियां खाद और बीज देने में तकनीकी आपत्ति उठाती हैं। फार्मर आईडी का संकट: पोर्टल पर पुजारियों की 'फार्मर आईडी' जनरेट नहीं हो पा रही है, जिससे वे शासन की कृषि योजनाओं से वंचित हैं। ई-टोकन की जटिलता: फसल बेचने के लिए ई-टोकन प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे पुजारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

'ग्वालियर मॉडल' की तर्ज पर समाधान की मांग संगठन ने सरकार से मांग की है कि ग्वालियर जिले में पुजारियों के लिए लागू की गई व्यवस्था को देपालपुर और पूरे इंदौर जिले में भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

'खेती ही मंदिर के जीर्णोद्धार और पुजारी परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है। यदि बुआई और कटाई के सीजन में प्रशासन ने त्वरित निर्णय नहीं लिया, तो पुजारी समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।'
**— डॉ. रोहित बैरागी**, प्रदेश अध्यक्ष, रामानंदी नवनिर्माण सेना

### चेतावनी और निष्कर्ष

पुजारी समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि इन मांगों का समयबद्ध निराकरण नहीं किया गया, तो आगामी दिनों में प्रदेश स्तर पर रणनीति बनाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसील के अनेक प्रतिष्ठित मंदिरों के पुजारी और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर ●** विकासखंड सांवेर सेक्टर -2 चंद्रावतीगंज की नवांकुर समिति सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा प्रस्फुटन समिति चित्तोड़ा के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चित्तोड़ा मे जल स?त्रोत सेवा समागम अंतर्गत कुए की सफाई व जल स्त्रोत पूजन नारे लेखन कार्यक्रम किया गया । जहा चित्तोड़ा के सरपंच लखन जी पटेल, विकासखण्ड समन्वयक मीना त्रिवेदी, प्रस्फुटन समिति पोटलोद भी उपस्थित रहे ।

# सांई बाबा का भव्य भंडारा तिलकनगर चौराहे पर सम्पन्न हुआ



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर ●** ऊँ श्रीश्री सांई सेवा समिति, तिलकनगर मेनरोड़, यूको बैंक चौराहा के तत्वावधान में विगत 17 वर्षो से लगातार विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से महंतश्री दादू महाराज, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, रीना बौरासी सेतिया उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सबसे पहले सांई बाबा की महाआरती हुई उसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन प्रारंम्भ हुआ। आयोजन में विशेष रूप से दिलीप बौरासी, निर्मला बौरासी, गुलाब चौधरी, देवेन्द्र मैथिल, रोहित धिमान, आशीष केदार, रिंकू साल्वे, नागेश राणा, प्रीति बौरासी, मनोज सिसोदिया, सुनिल सिकरवार, दिनेश भदौरिया, दीपक सैनी, आकाश सिसोदिया, रोशन झरिया, विकास केदार, मुकेश त्रिपाठी, मोंटू खरे, आकाश राठौर, राकेश परिहार, अनुराग बौरासी, राघव सेनिवाल, धीरज गोयल, पप्पू सिलावट, युवराज धीमान, चिंतन, युवराज (बाबू), राजू प्रजापत, राधेश्याम श्रीवास्तव (बीनू) ने अपना सहयोग दिया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से **मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा** आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125327/2026

**संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकरकी जन्म जयंती**

# भाजपा नेताओं ने गीता भवन स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर ●** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर आज उनकी गीता भवन स्थित प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण किया 7 भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंत्री तुलसी राम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, कृष्णमुरारी मोघे, विधायक गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर न्याय और समरसता के प्रतीक है. उन्होंने गरीब, दलित, वंचितो की चिंता करते हुए उनको अधिकारों को दिलाने का काम किया, हमारी केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी और प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार भी बाबा साहब के सपने के अनुरूप राष्ट्र और प्रदेश के निर्माण में जुटे है, गरीबों, दलित और वंचितों के कल्याण के लिए योजना बनाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठा रहे है। उन्होंने बताया कि आज भाजपा द्वारा सभी बूथों पर बाबा साहब की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मना रहे है।

## उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 9 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर ●** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में 9 मई, शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा प्रशासनिक न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाएगा। समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु लोक अदालत का अधिकतम लाभ उठाएं। इसके लिए इच्छुक पक्षकार प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओएसडी/ रजिस्ट्रार (न्यायिक) अथवा संबंधित विभाग से संपर्क कर अपने प्रकरण लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण होने पर शासन द्वारा जमा की गई न्यायालय शुल्क (कोर्ट फीस) की वापसी का भी प्रावधान है, जिससे पक्षकारों को समय एवं धन दोनों की बचत होगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक पक्षकार उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

### जो बच्चे भविष्य थे, वही खतरे में बाल तस्करी के जाल पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, राज्यों की ढिलाई उजागर

हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें। गौरतलब है कि बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था। अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें। मगर इस मुद्दे पर राज्य सरकारों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई राज्यों ने अभी तक तय प्रारूप में रपट तक दाखिल नहीं की है। सरकारी तंत्र में इस इच्छाशक्ति के अभाव और उदासीनता की वजह क्या यह है कि जो बच्चे तस्करी का शिकार हो जाते हैं, उनमें ज्यादातर समाज के गरीब और कमजोर तबके से आते हैं? यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि देश में बाल तस्करी का संकट पिछले कुछ वर्षों के दौरान कितना गहरा गया है। खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बच्चों के लापता होने के मामलों में काफी तेजी दर्ज की गई।

# बंगाल में पार्टियां बदलीं, सरकार बदली, सियासी चेहरे बदले, पुलिस तंत्र भी बदलता गया, नहीं बदली तो बस कानून एवं व्यवस्था



पश्चिम बंगाल की बदहाल कानून व्यवस्था की गूंज राष्ट्रीय पटल पर हमेशा होती है। इस मुद्दे पर विपक्षी दल सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे बंगाल की छवि को खराब करने की साजिश बताती हैं। इस बार भी चुनाव में कानून-व्यवस्था ज्वलंत मुद्दा है। यहां ईडी और एनआईए पर भी हमले हो चुके हैं।बंगाल में पार्टियां बदलीं, सरकार बदली, सियासी चेहरे बदले, पुलिस तंत्र भी बदलता गया, नहीं बदली तो बस कानून एवं व्यवस्था की बदतर हालत। समय के साथ पुलिस डिस्ट्रिक्ट के गठन हुए, कमिश्नरेट बने, दर्जनों थाने खुले, विभिन्न पुलिस प्रकोष्ठ के निर्माण हुए, ढेरों पद सृजित हुए, पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों से लैस किया गया, फिर भी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति जस की तस है। वाममोर्चा के 34 वर्षों के शासनकाल से लेकर वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के राज तक बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की बदहाली प्रत्येक चुनाव में बदस्तूर ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। इस विधानसभा चुनाव में भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है।

भाजपा, कांग्रेस, वाममोर्चा से लेकर चुनावी मैदान में उतरे छोटे-बड़े सभी दल कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को लेकर तृणमूल पर निशाना साध रहे हैं। दूसरी ओर राज्य की मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी हर बार की तरह इसे विरोधी दलों की बंगाल की छवि बिगाड़ने की साजिश करार दे रही हैं। वहीं, तृणमूल के नेता-कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में कह रहे हैं कि राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो ने कोलकाता को देश का सबसे सुरक्षित शहर करार दिया है। आखिर बंगाल में कानून एवं व्यवस्था ध्वस्त क्यों है?इसके जवाब में कानून विशेषज्ञ बृजेश गिरि बताते हैं कि बंगाल में दशकों से एक ट्रेंड चलता आ रहा है, वह यह है कि जब जिस पार्टी के हाथों में सत्ता होगी, पुलिस पर पूरी तरह से उसी का नियंत्रण होगा। पुलिस सत्ताधारी पार्टी की कैडर बनकर रह गई है। वाममोर्चा के जमाने में तो थाने में घुसकर पुलिस वालों को धमकाया जाता था। थाने में तोड़फोड़ की कई घटनाएं हो चुकी हैं। बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से काफी पहले केंद्रीय बल भेजा जाना और 294 सीटों वाले उत्तर प्रदेश से लगभग आधी सीटें होने पर भी बंगाल में वहां की तरह 2 चरणों में मतदान कराया जाना, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि चुनाव आयोग इस राज्य को लेकर कितना सतर्क है। चुनाव की घोषणा से पहले बंगाल में तैयारियों का जायजा लेने कोलकाता आई चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ ने राज्य के आला प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को हिंसा-मुक्त चुनाव कराने का बेहद कड़ा निर्देश दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने तो यहां तक कहकर गए हैं कि पुलिस-प्रशासन ने अगर ठीक तरीके से अपना काम नहीं किया तो आयोग को काम करवाना आता है।

गौरतलब है कि बंगाल कानून को शर्मसार करने वाली घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है । बंगाल में कानून-व्यवस्था की इससे लज्जाजनक तस्वीर और क्या होगी कि 2014 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निवास स्थल से कुछ दूरी पर स्थित अलीपुर थाने में तृणमूल नेता के हमले के दौरान वहां ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी जान बचाने के लिए मेज के नीचे छिप गए थे। विरोधी दल लगातार कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते आए हैं।पिछले कई राज्यपाल भी इसे लेकर सवाल करते आए हैं। बोगटूई में लोगों के घरों में ताला जड़कर आग लगाकर जिंदा जलाकर मार डाला गया।कृष्णागंज में तृणमूल विधायक सत्यजीत विश्वास और झालदा में कांग्रेस पार्षद तपन कांदू की सरेआम गोली मारकर हत्याकर दी गई थी।माकपा के युवा संगठन डीवाईएफआई के कार्यकर्ता अनीस खान के घर में पुलिस की वर्दी में घुसकर उन्हें छत से फेंककर हत्या कर दी गई।संदेशखाली में पुलिस की नाक के नीचे बड़ी संख्या में महिलाओं का यौन उत्पीड़न व ईडी की टीम पर हमला।पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में विस्फोट कांड की तफ्तीश के सिलसिले में गई एनआईए की टीम पर हमला।2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा व पिछले साल हुए पंचायत चुनाव में भारी रक्तपात इसकी वीभत्सता को और बढ़ाते हैं। राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस तो पिछले साल पंचायत चुनाव के समय सड़क पर उतर गए थे। लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करने को उन्होंने इस चुनाव में भी मतदान के दिनों में लोगों के बीच रहने की बात कही है। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि बंगाल में भ्रष्टाचार की तरह कानून-व्यवस्था भी बड़ा मुद्दा है। राज्य में कई बार राष्ट्रपति शासन लागू करने की भी मांग उठ चुकी है।जब तक पुलिस से सत्ताधारी पार्टी का नियंत्रण नहीं हटेगा, तब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार की उम्मीद करना बेमानी है। सत्ताधारी पार्टी और पुलिस के बीच स्पष्ट रेखा होनी चाहिए। पुलिस को निष्पक्ष व स्वतंत्र तरीके से काम करने की छूट देनी होगी। इस बार भी भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शांतिपूर्वक बंगाल चुनाव कराने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की है। चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मतगणना पूरी होने के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 500 कंपनियां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगी। चुनाव के बाद भी सीएपीएफ की कंपनियां बंगाल में तैनात रहेंगी। यह तैनाती ईसीआई के अगले आदेश तक जारी रहेगी। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु तथा पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के लिए आम चुनाव और गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड तथा त्रिपुरा के आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया था। इसके तहत असम, केरल, पुडुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल तथा तमिलनाडु, गुजरात और महाराष्ट्र में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान हो रहा है । जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के अनुसार, किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्था में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति, जिसे लोक सभा या राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव या किसी संसदीय/विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में मतदान का अधिकार प्राप्त है, उसे मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। ऐसे सवैतनिक अवकाश के कारण किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी। कोई भी नियोक्ता जो इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, उसे जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। सभी दैनिक वेतन भोगी और आकस्मिक मजदूरों को भी मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का अधिकार होगा।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसे मतदाता (जिसमें आकस्मिक और दैनिक वेतन भोगी श्रमिक शामिल हैं) जो अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित औद्योगिक या वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत हैं, लेकिन मतदान होने वाले किसी निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत हैं, उन्हें भी मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का लाभ मिलेगा, जिससे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। आयोग ने सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को निर्देश दिया है कि वे सभी संबंधित अधिकारियों को इन प्रावधानों के सख्त पालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का स्वतंत्र और सुविधाजनक रूप से प्रयोग कर सकें। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव, छ्ठक्क (पुलिस महानिदेशक) और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि नागरिक बिना किसी डर के मतदान करें और चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से हिंसा, धमकी, प्रलोभन, छप्पा (फर्जी मतदान) और बूथ कैप्चरिंग से मुक्त हो। चुनाव के बाद राज्य में होने वाली हिंसा के इतिहास को ध्यान में रखते हुए ही आयोग ने 500 कंपनियों को चुनाव के बाद भी रोके रखने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। 2021 चुनाव के बाद हुई हिंसा पर ह्।ऋष्ट की रिपोर्ट पर नजर डाले तो हम पाएंगे कि 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की जांच रिपोर्ट में कई गंभीर तथ्य सामने आए थे। राज्य के छ्ठक्क ने 2 मई 2021 से 20 जून 2021 के बीच हिंसा की 1,970 शिकायतों की जानकारी दी थी।29 हत्याएं, 12 यौन उत्पीड़न, 391 गंभीर चोट के मामले, 940 आगजनी/तोड़फोड़ और 562 आपराधिक धमकी के मामले।1,970 शिकायतों में से केवल 1,168 को स्नढ्ढक्र में बदला गया और कुल 9,304 आरोपियों में से सिर्फ 1,345 को गिरफ्तार किया गया। 311 स्थानों पर की गई स्पॉट जांच में पाया गया कि 60% जगहों पर स्नढ्ढक्र दर्ज ही नहीं की गई थी।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# नोएडा में हिंसा, मप्र के पीथमपुर में भी हाईवे जाम, कंपनी ने नहीं बढ़ाई सैलरी, गुस्साए कर्मचारी धरने पर बैठे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● नोएडा में फैक्ट्री कर्मचारियों के हिंसक प्रदर्शन के बीच इसका असर अब मध्य प्रदेश में भी दिखने लगा है। पीथमपुर स्थित मदरसन कंपनी यूनिट-2 के कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर काम बंद कर दिया और महू-नीमच नेशनल हाईवे जाम कर दिया। सैकड़ों कर्मचारी कंपनी के बाहर धरने पर बैठे और करीब ढाई घंटे तक चक्काजाम रहा। इससे दोनों ओर लगभग 3 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई। ट्रक, बसें और निजी वाहन फंसने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। दरअसल, नोएडा में भी इसी मुद्दे पर चल रहा आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। कर्मचारियों ने कई फैक्ट्रियों में तोड़फोड़, गाड़ियों में आगजनी और पुलिस पर पथराव किया। करीब 350 इंडस्ट्री प्रभावित हुईं। 150 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा। हालात काबू करने के लिए पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा और कई लोगों को हिरासत में लिया गया। राज्य सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है। पीथमपुर के कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन वृद्धि नहीं हुई है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। उनका आरोप है कि अन्य कंपनियों में वेतन बढ़ चुका है, लेकिन यहां अब तक बढ़ोतरी लागू नहीं की



गई। कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने की मांग रखी है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी में सीमित ब्रेक, देरी पर वेतन कटौती और काम के दौरान दबाव जैसी समस्याएं हैं, जिससे हालात और कठिन हो रहे हैं। इधर, कंपनी प्रबंधन ने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से बातचीत के दौरान उनकी मांगों पर विचार करने के लिए 15 दिन का समय मांगा है। हालांकि, मजदूर इस प्रस्ताव से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। तत्काल समाधान की मांग पर अड़े रहे। वहीं तहसीलदार शिवानी श्रीवास्तव ने कहा- पीथमपुर सेक्टर में जो मदरसन कंपनी है, उसमें जो लड़कियां और कार्यरत कर्मचारी हैं। उनकी वेजेस हाइक (वेतन वृद्धि) होने की डिमांड थी। प्रशासन की तरफ से समझाइश दी गई कि उनकी जो भी मांगें हैं, वो लिखित में मैनेजमेंट को दें। कोशिश कर रहे हैं कि उनकी मांगें कंपनी से पूरी करा सकें। छ्टस्क्र रवि सोने ने बताया कि समझाइश के बाद चक्काजाम खुलवाया गया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्रबंधन व कर्मचारियों के बीच बातचीत जारी है।

# जंगल पर कब्जा, रोकने पर चौकीदारों को पीटा फॉरेस्ट गार्ड दौड़े तो महिलाओं ने ब्लाउज फाड़े

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जंगलों में अतिक्रमणकारियों की गतिविधियां एक बार फिर तेज हो गई हैं। गुड़ी वन परिक्षेत्र के भिलाईखेड़ा बीट में सोमवार सुबह अतिक्रमणकारियों ने खेत तैयार करने के लिए जंगल में हल चलाना शुरू कर दिया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की तो अतिक्रमणकारियों ने विरोध करते हुए चौकीदारों के साथ मारपीट कर दी। घटना आमाखुजरी टांडा की हैं। चौकीदारों के साथ मारपीट होते देखकर फॉरेस्ट गार्ड ने दौड़ लगाई तो अतिक्रमणकारी भाग निकले। उनके पीछे-पीछे भागे और सामान जब्त करने लगे, इस दौरान महिलाओं ने अपने ब्लाउज फाड़ लिए। वे लोग वीडियो बनाकर वन विभाग की टीम को बदनाम करते, इसके पहले फॉरेस्ट गार्ड ने अपने मोबाइल से ही वीडियो बना लिए। बता दें कि, इस समय क्षेत्र में 30-40 अतिक्रमणकारी बाहरी जिलों बड़वानी, खरगोन और बुरहानपुर से आकर वन भूमि पर कब्जा करने में लगे हैं।

अतिक्रमणकारियों ने चौकीदार रामदास को घेरकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने उसके कपड़े फाड़ दिए, गला दबाया और नाखूनों से हमला कर घायल कर दिया। साथ ही दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। वन विभाग के अनुसार, कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण में शामिल महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया। वन स्टाफ पर दबाव बनाने के लिए कुछ महिलाओं ने अपने ही कपड़े फाड़ लिए। हालांकि, पूरे घटनाक्रम का वीडियो वन अमले ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया है। वन विभाग ने बताया कि अतिक्रमण में मुआसिंह और उसके परिवार के सदस्य शामिल हैं। उसके खिलाफ पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और जिलाबदर की कार्रवाई भी लंबित है। संबंधित लोगों के पट्टे करीब दो महीने पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं और बेदखली के आदेश भी दिए गए थे। अतिक्रमणकारियों ने करीब 3 हेक्टेयर क्षेत्र में बबूल के पेड़ काट दिए हैं, जहां विभाग ने पहले बीजारोपण किया था। वहीं आमाखुजरी क्षेत्र की लगभग 250 हेक्टेयर वनभूमि में से करीब 50 हेक्टेयर पर दोबारा अवैध कब्जा कर लिया गया है और बोवनी की तैयारी की जा रही है। घटना के दौरान वन रक्षक ओमप्रकाश पिंडारे, चंद्रपाल सिंह तोमर सहित पांच चौकीदार मौजूद थे। स्थिति बिगड़ने पर रेंज से रिजर्व फोर्स को बुलाना पड़ा, जिसके बाद मामला शांत हुआ। गुड़ी रेंजर नरेंद्र पटेल ने बताया कि, पिपलोद थाने में शिकायत आवेदन दिया है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पंधाना में बसपा, आप और जयस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल, 24 युवाओं ने ली सदस्यता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जिले की पंधाना विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और जयस के 24 कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। संगठन के 'अभ्यास वर्ग' और 'बस्ती चलो अभियान' के तहत इंदिरा चौक स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संभागीय




प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर और विधायक छाया मोरे ने नए सदस्यों को दुपट्टा व टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल किया। वर्तमान में पार्टी ने इस अभियान के तहत आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क और सदस्यता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही है। भाजपा कार्यालय में रोशन गोलकर, दुर्गेश वास्कले, राजेंद्र धोपे, रोहित धोपे, विनोद मोरे, निलेश बारे, रविंद्र गोलकर, विष्णु मोरे, प्रवीण बारे, सुनील गोलकर, अजय जवारे, राहुल भावस्कर, दीपक दांगोड़े, गणेश दांगोड़े, सावन मोरे, अजय बारे, शेरू मोरे, विकास बारे, गणेश बारे, रवि बोरयाले, पवन दांगोड़े, कैलाश चौहान, दिलीप धोपे और जेकी आस्लेकर सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कार्यक्रम में महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, सूरजपाल सिंह, अमर यादव, तपन डोंगरे, हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, भरत पटेल और सागर आरतानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जयसूर्या पर मारपीट का आरोप, धार में महिला नेत्री बोली- दो साल से परेशान हूं,

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● धार जिले के सरदारपुर तहसील अंतर्गत लाबरिया-राजोद क्षेत्र की भाजपा मंडल अध्यक्ष आशा शर्मा ने अपने और अपने पति के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर को आवेदन सौंपा, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आशा शर्मा का कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से उन्हें और उनके पति को लगातार मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा युवा मोर्चा धार के जिला अध्यक्ष रहे और वर्तमान में युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयसूर्या और भाजपा नेता दीपक उर्फ 'दीपक फेमस' द्वारा उन्हें डराने-धमकाने और दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, विवाद की शुरुआत एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद हुई थी। इसके बाद आरोपियों और उनके साथियों ने उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट की। साथ ही फोन पर भी जान से मारने और गांव छोड़ने की धमकी दी गई। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार रास्ते में रोककर भी उनके साथ मारपीट की गई और लगातार धमकियां दी जाती रहीं। इन परिस्थितियों के चलते उन्हें और उनके पति को गांव छोड़कर अन्य शहरों में जाकर आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ा।

आशा शर्मा ने एएसपी को बताया कि उन्होंने पहले भी संबंधित थाने में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बढ़ गए हैं। हाल ही में गांव लौटने पर भी उन्हें दोबारा धमकाया गया, जिससे उन्होंने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना देने को मजबूर होंगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठने को मजबूर होंगी। साथ ही आशंका जताई कि आरोपियों द्वारा कभी भी उनके और उनके परिवार के साथ कोई गंभीर वारदात कर सकते हैं। मामले को लेकर आशा शर्मा ने भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती से भी मुलाकात कर पूरी जानकारी दी। इस पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का कोई कार्यकर्ता इस तरह की गतिविधियों में शामिल नहीं होता, यदि क

# केकेआर के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके




**चेन्नई (एजेंसी)** • पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स की टीम मंगलवार को चेन्नई में होने वाले आईपीएल के मैच में अब तक एक भी मैच न जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली, जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने पावरप्ले में सीएसके के गेंदबाजी आक्रमण को एक और आयाम प्रदान किया। अब सीएसके संघर्ष कर रही केकेआर के खिलाफ एक बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा। रहाणे ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभाव छोड़ा है।

## म प्र हैंडबॉल संघ प्रशिक्षण शिविर की 15 अप्रेल से होगी शुरुआत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ का प्रशिक्षण शिविर दिनांक 15 अप्रेल से 15 मई तक मल्हार आश्रम खेल मैदान पर एक माह का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने बताया कि शिविर मे आने वाले खिलाड़ीयो को टी- शर्ट प्रदत्त की जावेगी। शिविर मे हैंडबॉल खेल के साथ शारिरिक दक्षता व मानसिक संतुलन योग के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा सिखाया जावेगा। हैंडबॉल हेतु एनआईएस कोच डॉ रंजीत सिंह रावत, विक्रम अवार्डी राजेश जोशी, राहुल चित्रे, शुभम भगत, पूजा शर्मा आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जावेगा। शिविर मे प्रतिभाग लेने के लिए मल्हार आश्रम मैदान पर राजू शर्मा व हर्षित घेंघट से संपर्क कर सकते है ।

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाया जाना चाहिये : पोलार्ड



**मुंबई (एजेंसी)** • आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम शुरुआत से ही विवादों में रहा है। साल 2023 से लागू होने के बाद से ही कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इससे ऑलराउंडरों को ही नुकसान हो रहा है। ऐसे में इस नियम को हटा दिया जाना चाहिये। वहीं अब मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने भी कहा है कि इम्पैक्ट प्लेयर का विकल्प ऑलराउंडरों की भूमिका को सीमित कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। पोलार्ड लंबे समय से आईपीएल का हिस्सा हैं। वह 2010 से अलग-अलग भूमिकाओं में आईपीएल से जुड़े रहे हैं और टीम में ऑलराउडर के तौर पर भी शामिल रहे हैं। पोलार्ड ने कहा, मैं इस नियम को पसंद नहीं करता हूं पर इसे हटाना मेरे हाथ में नहीं है। इससे केवल ये हो रहा है कि इसने टी20 क्रिकेट में बड़े स्कोर बन रहे हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी इसके पड़ने वाले असर पर अभी तक मैंने धयान नहीं दिया है। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होने से केवल तब ही लाभ हो रहा है जब कोई टीम लीग गेम में कुछ विकेट गंवा देती है तो भी उसके पास अधिक रन बनाने का अवसर रहता है। उन्होंने जो लोग इस प्रकार के नियम बना रहे हैं उन्हें यह देखना चाहिये कि क्या यह वास्तव में खेल के लिए अच्छा है, या सिर्फ़ लोगों के लिए फ़ायदेमंद है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, कुछ ऐसे कौशल सेट होत हैं जिनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रयोग नहीं हो रहा है।

# फिल्म 'राजा शिवाजी' का नया पोस्टर रिलीज़



**मुंबई (एजेंसी)** • जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने अपनी फिल्म 'राजा शिवाजी' का नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। इस पोस्टर के साथ गाना राजा शिवाजी अंथम छत्रपती का माहौल भी बन गया है, जो इस सोमवार रिलीज़ होने वाला है। फिल्म का निर्देशन रितेश विलासराव देशमुख ने किया है, जो इसके लेखक, निर्माता और मुख्य अभिनेता भी हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म की कुछ झलकियां भी शेयर की थीं, जिनमें भारत के महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनकी विरासत की एक झलक देखने को मिली। राजा शिवाजी अँथम छत्रपति का मुख्य हिस्सा पहले ही रिलीज़ हो चुका है, जिसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह गाना अजय-अतुल ने बनाया और गाया है। इसका म्यूजक़ि भव्य और दमदार है, जिसे खास तौर पर बड़े पर्दे के लिए तैयार किया गया है। राजा शिवाजी अंथम छत्रपती के रिलीज़ के साथ फिल्म एक और बड़े पड़ाव की ओर बढ़ रही है।

# शानदार लाइफस्टाइल के लिए चर्चा में रहते हैं सनी देओल



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार फिल्मों के साथ-साथ शानदार लाइफस्टाइल के लिए चर्चा में रहते हैं। हाल ही में खबर आई है कि सनी फिल्म रामायण में हनुमान के किरदार में नजर आने वाले हैं, जिससे उनके फैंस में काफी उत्साह है। वहीं, निजी जीवन में वह बेहद आलीशान और राजशाही जीवन जीते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सनी देओल मुंबई, मनाली और लोनावला में करीब 150 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। मुंबई के जुहू इलाके में उनका आलीशान बंगला सनी विला काफी चर्चा में है। यह 5 मंजिला भवन न सिर्फ रहने के लिए, बल्कि उनके पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो के रूप में भी इस्तेमाल होता है। बंगले में जिम, स्विमिंग पूल, निजी थिएटर, लाइब्रेरी और ओपन गार्डन जैसी कई लग्जरी सुविधाएं मौजूद हैं। यह बंगला 50-60 करोड़ रुपये के करीब मूल्य का बताया जाता है। इसके अलावा, मुंबई के पॉश इलाके मालाबार हिल्स में भी सनी देओल की बड़ी प्रॉपर्टी है। इस घर में पूल, जिम और थिएटर जैसी सुविधाएं हैं और यहां 40-50 लोगों के लिए आयोजन भी किया जा सकता है। यह बंगला किसी 5 स्टार होटल से कम नहीं माना जाता।

## उज्जैन संभाग

# घर में किराये पर रहकर की 10 लाख की चोरी, तीन गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •ऋषि नगर में 10 लाख रुपए के आभूषण चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण भी बरामद कर लिए गए हैं। खास बात यह है कि वारदात को किराये पर रह रहे युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। ऋषि नगर एक्सटेंशन निवासी केशव जोशी 9 अप्रैल को घर में ताला लगाकर कोचिंग गए थे, जबकि उनकी मां मायके त्रिसी परिसर गई हुई थीं। शाम करीब 7:30 बजे जब केशव लौटे, तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो करीब 10 लाख रुपए के सोने के आभूषण और नकदी गायब थे। इसके बाद उन्होंने नानाखेड़ा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सूचना मिली कि ऋषि नगर में हुई चोरी उसी मकान में रहने वाले किरायेदार वेदांत ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर की है। आरोपी चोरी किए गए सोने के आभूषण बेचने के लिए तारामंडल क्षेत्र में ग्राहक की तलाश कर रहे थे। सूचना के आधार पर नानाखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची, जहां तीन युवक संदिग्ध हालत में खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम वेदांत त्रिवेदी, मोहित दत्ता उर्फ मोंटी और अक्षत उर्फ अंशु बताए। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 6 सोने की चूड़ियां, 3 अंगूठियां और कान के टॉप्स का एक जोड़ा जब्त किया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में सीएसपी श्वेता गुप्ता, थाना प्रभारी नानाखेड़ा नरेंद्र कुमार यादव और उनकी टीम को सफलता मिली है।

# पंचकोशी यात्रा उज्जैन के नलवा-अम्बोदिया तक पहुंची, 37 डिग्री पारे में 118 किमी पैदल चल रहे श्रद्धालु

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • प्रतिवर्ष निकलने वाली पंचकोशी यात्रा शुरू होकर अब नलवा और अम्बोदिया तक पहुंच गई है। मंगलवार को श्रद्धालु जेथल होते हुए उंडासा के लिए रवाना होंगे। इस बार पंचकोशी यात्रा का विधिवत शुभारंभ 12 अप्रैल से होना था, लेकिन परंपरा के अनुसार कई श्रद्धालु दो दिन पहले ही गठरी सिर पर रखकर तपती गर्मी में पैदल यात्रा पर निकल पड़े। शहर के पटनी बाजार स्थित नागनाथ गली में भगवान नागचंद्रेश्वर को नारियल अर्पित कर आशीर्वाद लेने के बाद श्रद्धालुओं ने 118 किलोमीटर लंबी पंचक्रोशी यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा 12 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल को समाप्त होगी, हालांकि सैकड़ों श्रद्धालु पहले ही यात्रा पर निकल चुके हैं।

पंचकोशी यात्रा में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वे अपने साथ सूखा राशन और कपड़ों की गठरी लेकर पांच दिनों तक पैदल चलते हैं। भीषण गर्मी के बावजूद आस्था का यह सैलाब सड़कों पर नजर आ रहा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु शहर के चारों दिशाओं में स्थित प्रमुख मंदिर



पिंगलेश्वर, कायावरोहणेश्वर, बिल्वेश्वर, दुर्धरेश्वर और नीलकंठेश्वर में पूजन-अर्चन करते हुए अंत में शिप्रा नदी में स्नान कर यात्रा का समापन करेंगे। चिलचिलाती धूप में जहां कुछ देर ठहरना भी मुश्किल है, ऐसे में प्रदेशभर से आए हजारों श्रद्धालु बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष 118 किमी की पंचकोशी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु निर्धारित पड़ावों पर विश्राम करेंगे। पंचक्रोशी यात्रा के मुख्य पड़ाव पिंगलेश्वर, करोहन, नलवा, अम्बोदिया, केडी पैलेस, जेथल और उंडासा रहेंगे। इसमें कुल पांच मुख्य पड़ाव और दो उप-पड़ाव बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। आस्था के इस सैलाब में तपती सड़कों और लंबे रास्तों के बावजूद श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते हैं और कब अगला पड़ाव आ जाता है, इसका अहसास भी नहीं होता। पंचक्रोशी यात्रा वैशाख माह की कृष्ण दशमी से शुरू होकर अमावस्या पर समाप्त होती है। प्रशासन ने यात्रा मार्ग, पड़ाव और उप-पड़ाव स्थलों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। करीब 37 डिग्री तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही है। वे पूरे उत्साह के साथ 118 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा में भजन मंडलियों के साथ करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें 5 साल के बच्चे से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्ग महिला-पुरुष भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

# लोकवन गेहूं 100 रु. नीचे बिका, बाहर की डिमांड शून्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मालवा का फेमस लोकवन गेहूं इस बार बाहर की खरीदार पार्टियों को पसंद नहीं आ रहा। ब?ारिश और ओले गिरने से लोकवन की क्वालिटी कमजोर हो गई। गेहूं का कलर नहीं रहा। इसी वजह से मंडी में लोकवन 100 रुपए नीचे भाव पर बिक रहा है। खरीदारों का सपोर्ट नहीं मिल रहा। सोमवार को मंडी नीलामी में ऊंचे भाव की बोली नहीं लगी। नीलामी में 2350 से 2941 रुपए के भाव बोले गए। इधर, मिल क्वालिटी गेहूं 50 रुपए महंगा बिकने लगा। मिल क्वालिटी में 25 रुपए से अधिक की तेजी आई। इस समय गेहूं का बंपर सीजन चल रहा है। किसान रोज करीब 4 से 5 करोड़ रुपए का गेहूं मंडी में बेचने ला रहे हैं। खरीदारों के पास ऑर्डर का अभाव है। मंडी नीलामी में खरीदी धीमी बनी हुई है। समर्थन दाम की खरीदी में छोटे किसानों का गेहूं पहले लिया जा रहा है। मंडी में कमीशन पर बाहर के व्यापारियों की खरीदी हो रही है।मल्टीनेशनल कंपनियों ने गेहूं के खरीदी ऑफर 50 रुपए कम



किए। ऑफर 2550 रुपए कर दिए। अन्य आटा मिल की खरीदी मंडी में जोरदार बनी हुई है। उज्जैन तरफ गेहूं के ऑर्डर नॉमिनल होने लगे हैं। मंडी सूत्रों के मुताबिक गेहूं की गाड़ी लोड होकर पहुंची। क्वालिटी डिफरेंट निकली। सौदे फेल होने लगे। इधर, पूर्णा गेहूं खाने वालों की पहली पसंद बना है। यह 147 का क्रॉस होने से क्वालिटी में शरबती जैसा दिखता है। चमकदार गेहूं के ऑर्डर रोज मंडी की दुकानों पर मिल रहे हैं। मंडी नीलामी में पूर्णा नामक गेहूं 2600 से 2800 रुपए के भाव पर चल रहा है। आटा व्यापार फिर बढ़ने लगा है। आगामी शादी समारोह के चलते ऑर्डर अभी से बुक होने लगे हैं।

## योग आत्म-जागरण की साधना, शिप्रा तट पर विशेष ध्यान सत्र में आए सैकड़ों साधक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • ब्रह्म योग फिट की ओर से गऊघाट जंतर-मंतर पर विशेष ध्यान सत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में योग मार्गदर्शक और मेडिटेशन योगाचार्य डॉक्टर रघुवीर पटेल ने कहा कि योग आत्म-जागरण की साधना है। उन्होंने नई पीढ़ी के योग और परंपराओं से जुड़ने को आत्मनिर्भर और आत्म-जाग्रत राष्ट्र के लिए जरूरी बताया। पटेल ने कहा कि हठयोग के कारण दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने योग को 90 प्रतिशत अभ्यास और 10 प्रतिशत सिद्धांत बताते हुए नियमित साधना पर जोर दिया। शिप्रा तट पर हुए शिविर में योग एक्सपर्ट प्रीति बम्बोड़ी ने विभिन्न योग अभ्यासों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि योग आत्म-चेतना बढ़ाता है और शरीर में ऊर्जा बनाए रखता है। कार्यक्रम में डॉक्टर रघुवीर पटेल का सम्मान किया गया। अतिथि स्वागत में अशोक त्रिपाठी और मंजू यादव शामिल रहे। आभार रचना परमार ने माना।

## वरिष्ठ अफसरों के हस्तक्षेप से बदली योजना,बिजली लाइन की अंडरग्राउंड शिफ्टिंग का प्लान बदला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मक्सी रोड फोरलेन निर्माण में बिजली कंपनी ने नई चुनौती खड़ी कर दी। शहरी क्षेत्र की बिजली लाइन अंडरग्राउंड डालने के लिए उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसी को 16 करोड़ का एस्टीमेट दिया। इसे देख अपेक्स कंपनी सकते में आ गई। मामले को लेकर एमपीआरडीसी के अफसरों व वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों को हस्तक्षेप करना पड़ा।

इधर, बिजली कंपनी का इतना बड़ा एस्टीमेट देखकर कंपनी ने शहरी क्षेत्र में काम ही शुरू नहीं किया। कंपनी ने टेंडर शर्तों को निकालते हुए एमपीआरडीसी अफसरों से चर्चा की। विभागीय अफसरों ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामला वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों तक पहुंचाया और वरिष्ठ अफसरों के हस्तक्षेप के बाद बिजली अफसर अपना अंडरग्राउंड केबल डालने का प्लान बदलने की सहमति दी।

इसके बाद नए स्तर से अंडरग्राउंड लाइन वाले प्लान को खंभे गाड़कर लाइन शि?फ्टिंग में बदल दिया। हालां?कि इससे शहरी क्षेत्र में लाइन शिफ्टिंग की लागत घटकर 7 करोड़ के करीब हो गई। तब जाकर कहीं निर्माण एजेंसी शहरी क्षेत्र में काम करने के लिए आगे आई। कंपनी ने सड़क के दोनों तरफ सड़क की बाउंड्री तय करने के लिए नाली बनाने का काम शुरू करा दिया।

पूरे फोरलेन की लाइन शिफ्टिंग की लागत भी घटी, 20 से 11.54 करोड़ हुई शहरी क्षेत्र की लाइन शिफ्टिंग की लागत कम होने से पूरे हाइवे पर बिजली लाइन शिफ्टिंग की लागत भी कम हो गई है। शहरी क्षेत्र के पुराने एस्टीमेट के 16 करोड़ जोड़कर पूरे हाइवे की लागत 20 करोड़ के करीब पहुंच गई थी। यह लागत अब घटकर 11.54 करोड़ रह गई है। इधर, बात बनते ही एमपीआरडीसी विभाग के अफसरों ने 5 प्रतिशत सुपरविजन चार्ज बिजली कंपनी में जमा करवाकर इसकी लाइन शिफ्टिंग के लिए प्रक्रिया भी शुरू करवा दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा साहेब जन्मस्थली स्मारक महू में आज विशाल समागम, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



**इंदौर ●** मध्य प्रदेश में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की जयंती उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर मंगलवार को डॉ. अम्बेड़कर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में विशाल समागम का आयोजन हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से शामिल होंगे। जनसम्पर्क अधिकारी महिपाल अजय ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में उनकी जयंती का उत्सव समारोह पूर्ण उत्साह, उमंग और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस आयोजन में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमानों की तरह आवभगत की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की गई है। उन्होंने बताया कि अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह में मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

### अनधिकृत व्यक्ति द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान निलंबित

**इंदौर ●** जिले के स्कीम नंबर 78 स्थित प्रियदर्शनी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 809305 पर गंभीर अनियमितताओं के चलते बड़ी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई है। दुकान को आगामी आदेश तक के लिए निलंबित कर दिया गया है। लगातार राशन वितरण में गड़बड़ी और पात्रता से कम राशन देने की शिकायतों के आधार पर खाद्य विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि जांच के दौरान दुकान पर गेहूं एवं चावल के स्टॉक में भारी अंतर पाया गया।

# यशवंत क्लब चुनाव जून में होंगे पम्मी पैनल के उम्मीदवारों के नाम तय हो गए

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

इंदौर यशवंत क्लब की मैनेजिंग कमेटी के दो साल के कार्यकाल के लिए चुनाव जून माह में होना है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे सचदेवा-गोरानी पैनल के उम्मीदवारों के नाम पहले ही आ चुके थे। अब पम्मी छावड़ा की पैनल के भी नाम सामने आ गए हैं। चुनाव में कुल नौ पद हैं। इसमें चार पद मुख्य चेयरमैन, सचिव, कोषाध्यक्ष और सह सचिव के हैं और पांच कार्यकारिणी सदस्यों के हैं।



### दो टर्म के कारण ये बाहर

यशवंत क्लब के संविधान के तहत दो बार लगातार चुनाव जीतने के बाद तीसरी बार चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। एक बार ब्रेक देना होता है। वर्तमान चेयरमैन टोनी सचदेवा और सचिव संजय गोरानी लगातार दो बार चुनाव जीत चुके हैं। इसके चलते अब इस पैनल से ये उम्मीदवार नहीं बन सकते हैं। इसलिए चेयरमैन और सचिव पद के लिए नए उम्मीदवार उतारे गए हैं।

### पम्मी चेयरमैन, सेठ सचिव उम्मीदवार

पम्मी पैनल की ओर से चेयरमैन पद के लिए उम्मीदवार पम्मी छाबड़ा खुद हैं। वहीं सचिव पद के लिए इस बार अतुल सेठ का नाम तय हुआ है। सह सचिव के लिए पंकज कुकरेजा मैदान में होंगे। अभी कोषाध्यक्ष पद के लिए नाम तय होना बाकी है। कार्यकारिणी के पांच पद में से चार नाम तय हुए हैं। इसमें अमृत देव, विकास (बॉबी) थम्मन, सौरभ भंडारी और शिखर वर्मा तय हुए हैं।

### गोरानी पैनल से ये 8 नाम तय

वहीं गोरानी पैनल से 9 में से 8 पदों के लिए उम्मीदवार तय हो चुके हैं। चेयरमैन पद के लिए जितेंद्र उर्फ जीतू जैन हैं। सचिव पद के लिए विजय कस्तूरी, कोषाध्यक्ष में रूपल पारिख और सह सचिव में तेजवीर जुनेजा हैं। कार्यकारिणी के 5 पदों में से चार नाम वैभव दुआ, गुनीत चड्ढा, राजेश तलवार और भारती बरोडिया तय हुए हैं।

### बागड़िया की सुलह से अब दो ही पैनल

बीच में क्लब में उस समय त्रिकोणीय चुनाव की संभावना बन गई थी, जब वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने भी चेयरमैन पद पर उतरने की बात कही थी। उनके साथ ही अतुल सेठ भी सचिव पद के लिए आ रहे थे। बाद में पम्मी और बागड़िया के बीच सुलह बैठक हुई और बागड़िया ने चुनाव से दूरी बना ली। वहीं सेठ पम्मी पैनल के साथ सचिव पद के उम्मीदवार बन गए।

# जल्द शुरू होगा लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी वाले पुल का काम

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी जाने वाले वर्षों पुराने पुल को इसी सप्ताह तोडक़र नया बनाने का काम शुरू किए जाने की तैयारी है। निगम ने ऐसा प्लान बनाया है कि आधे पुल का निर्माण कार्य जारी रहेगा और पुराने पुलिस के हिस्सों से यातायात गुजरता रहेगा। इसके अलावा वैकल्पिक मार्गों को भी क्लीयर करने की तैयारी है। रिमूवल टीम ने दो दिन पहले लक्ष्मीबाई प्रतिमा के समीप सालों पुराने पुल के आसपास बाधक निर्माण और सुलभ काम्प्लेक्स को तोडऩे की कार्रवाई की थी। इसके बाद अब पुल और सडक़ का काम एक साथ शुरू कराने की तैयारी पर विचार चल रहा है, लेकिन सबसे पहले पुल का काम इसी सप्ताह से शुरू हो सकता है। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के मुताबिक लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी चौराहे तक 80 फीट चौड़ी सडक़ बनाई जाना है और इसके लिए पूर्व में ही बाधाएं चिन्हित कर ली थी और संबंधितों को नोटिस भी जारी कर दिए गए थे। नगर निगम ने पुल और सडक़ के निर्माण का ठेका साढ़े 8 करोड़ में दिल्ली की विक्ट्री-वन एजेंसी को दिया है। उनके मुताबिक कंपनी के अधिकारियों के साथ कल या परसों में बैठक होगी और काम शुरू करने के निर्देश दिए जाएंगे। पहले दौर में पुल का काम शुरू किया जाएगा। वर्षों पुराना पुल 40 से 50 फीट चौड़ा है और नया पुल 80 फीट चौड़ा बनाया जाना है। इसके चलते आसपास के हिस्सों में नए पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा और पुराने पुल से यातायात जारी रहेगा। इसके अलावा अन्य वैकल्पिक मार्गों को भी क्लीयर कराया जाएगा और वहां ट्रैफिक जाम ना हो।

# गोलीकांड में एक आरोपी और पिस्टल की तलाश

## बैंक में काम करने वाला आरोपी बोला- पहले से रखी हुई थी देसी पिस्टल

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक की तलाश जारी है। इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में रविवार रात में हुए गोलीकांड मामले में पुलिस दो आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। मामले में पुलिस को एक और आरोपी के साथ देसी पिस्टल की तलाश है। इसके लिए टीमें लगी हुई है और जानकारी निकाल रही है। दरअसल, रविवार रात को दो दोस्त झगड़ा सुलझाने के लिए मिले और उनके बीच फिर से झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया है। एक युवक ने चाकू से तो दूसरे ने देसी पिस्टल से दो से तीन फायर कर दिए थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई थी और दोनों को पकड़ लिया था। इस मामले में दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ स्त्रद्बक्र दर्ज कराई थी। लसूड़िया टीआई तारेश सोनी ने बताया कि घटना रविवार रात स्कीम नंबर 78 स्थित चाय चौकी कैफे की है। ऋषभ पिता रघुवीर सिंह राजपूत की शिकायत पर आर्यन पटेल और निखिल उर्फ हैनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, आर्यन पिता राजेंद्र पटेल की शिकायत पर ऋषभ सिंह राजपूत के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।घटना के बाद पुलिस ने ऋषभ और आर्यन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आर्यन का साथी निखिल पिस्टल लेकर मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि रविवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले झगड़ा हुआ था। विवाद सुलझाने के लिए वे चाय चौकी कैफे पर मिले, लेकिन यहां भी उनके बीच फिर से विवाद हो गया। झगड़े के दौरान गाली-गलौज हुई और स्टूल-कुर्सियां तक फेंकी गईं। इसके बाद आर्यन ने चाकू निकालकर ऋषभ के पैर में हमला कर दिया। वहीं, ऋषभ ने अपनी एक्टिवा से देसी पिस्टल निकालकर आर्यन पर दो से तीन फायर किए, हालांकि आर्यन बाल-बाल बच गया।

हंगामा बढ़ने पर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया, जबकि अफरा-तफरी के दौरान आर्यन का साथी निखिल देसी पिस्टल लेकर फरार हो गया। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि आर्यन ट्रांसपोर्ट का काम करता है, जबकि ऋषभ एक बैंक के लोन विभाग में कार्यरत है। ऋषभ से पूछताछ में उसने बताया कि उसके पास देसी पिस्टल पहले से ही रखी हुई थी। हालांकि, यह पिस्टल उसके पास कहां से आई, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# पैक हो रहा था नकली टाटा नमक दिल्ली से बुलवाता था पैकिंग का सामान

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि** इंदौर के एरोड्रम इलाके में टाटा नमक की नकली पैकिंग करने वाली फैक्ट्री पर पुलिस ने दबिश दी। यहां से 840 पैकेट नकली नमक और 1850 किलो कच्चा माल और मशीनरी जब्त की। पूछताछ में ये बात निकलकर सामने आई है कि आरोपी दिल्ली से पैकेजिंग का सामान बुलवाता था। सोमवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया। एरोड्रम टीआई तरुण सिंह भाटी ने बताया कि इंदौर में टाटा कंज्यूमर प्रोटक्ट लिमिटेड के टेक्निकल एक्सपर्ट ने लिखित शिकायत की थी कि इंदौर में कंपनी के ब्रांड टाटा नमक की नकली पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा है। इससे कंपनी और शासन को आर्थिक नुकसान हो रहा है।



शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने लोकनायक नगर में एक जगह पर दबिश दी और मौके से जितेंद्र गुप्ता को पकड़ा। वह बड़े स्तर पर नकली नमक की पैकेजिंग करने का काम कर रहा था। उसके पास से लगभग 1 लाख रुपए से ज्यादा माल जब्त किया है।

इसमें मुख्य रूप से 840 पैकेट (1 किलो) नकली टाटा नमक, 1850 किलो कच्चा नमक, 980 खाली ब्रांडेड पैकेजिंग, 32 खाली कट्टे, वेइंग मशीन, पैकिंग मशीन, सिलाई मशीन और डिजिटल तराजू जब्त किया है।

### कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने मारा छापा

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह नकली पैकेजिंग का सामान (ब्रांडेड कट्टे/पॉलीथिन) दिल्ली से मंगवाता था और स्थानीय स्तर पर सस्ते कच्चे नमक को पैक कर टाटा नमक के नाम से आसपास के इलाकों में बेचता था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। उससे पूछताछ कर ओर भी जानकारी निकाली जा रही है।

# गेहूं तुलाई को लेकर सोसायटी प्रबंधक ने मांगी रिश्वत किसान ने की लिखित शिकायत

## रिश्वत नहीं देने पर किसान के साथ किया अभद्र व्यवहार ●किसान की गेहूं की ट्रॉली भी नहीं तोली गई

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

गौतमपुरा शासन के निर्देशन पर इस बार भी समर्थन मूल्य पर किसानों के गेहूं की खरीदी आर्दश सहकारी विपणन समिति मर्यादित द्वारा की जा रही हे खरीदी को लेकर गौतमपुरा के ग्राम सुनाला, कनवासा सोसाइटी में सोसायटी प्रबंधक की मनमानी व किसानों से प्रत्येक ट्राली पर एक हजार की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया हे। जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हे। मामले की शिकायत किसान ने नायब तहसीलदार व सीएम हेल्पलाइन पर की है। मामला ग्राम सुनाला कनवासा सोसाइटी का हे जहां किसान शुभम पिता यशवंत आंजना ने गेहूं बेचने का स्लॉट बुकिंग किया ओर अगले दिन जब किसान सोसायटी में अपनी उपज तुलाने पहुंचा तो सुबह 11 बजे उसकी ट्राली का नंबर आया किसान शुभम ने



बताया कि तूलाई छोटे काटे पर हो रही थी जिस पर सोसाइटी प्रबंधक मनोज शर्मा से मेरी बात हुई कि यहां बड़ा काटा लगा हे तो बड़े काटे पर ही तुलाई करदो लेकिन प्रबंधक मनोज शर्मा ने कहा तूलाई छोटे काटे पर ही होगी ओर एक ट्राली तुलाई के एक हजार रुपए देना होगा उसके बाद ही तुलाई की जाएगी किसान ने बताया कि मैने 1 हजार रुपए की घूस देने के लिए जब प्रबंधक मनोज शर्मा को मना किया तो मेरे गेहूं की तुलाई करने से उन्होंने मना कर दिया मेरे द्वारा विरोध किया गया तो मेरे साथ मनोज शर्मा ओर उनके सहयोगी संजय पंवार व विनोद पंवार ने गाली गलौच की अभद्र भाषा का प्रयोग किया ओर मेरी गेहूं की ट्रॉली नहीं तोली गई विनोद शर्मा ओर उनके सहयोगीयो ने ये भी कहा यह सोसाइटी मेरे हिसाब से चलती हे अगर ज्यादा कुछ किया तो तुम्हारे ऊपर एफआईआर दर्ज करवा दी जाएगी देर शाम तक इंतजार करने के बाद भी मेरे गेहूं की ट्रॉली नहीं तोली गई मामले को लेकर किसान खासा नाराज हे किसान ने सोसाइटी प्रबंधक ओर उनके सहयोगी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर नायब तहसीलदार को आवेदन दिया हे साथ ही सीएम हेल्प लाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई है।

**इंदौर का मामलाः** हर 15 मिनट में आ रहे कॉल, सिर्फ वंदे मातरम् कहकर कॉलर काट देते हैं फोन

# वंदे मातरम् से उड़ी कांग्रेस पार्षद रुबीना खान की नींद, मोबाइल फोन करना पड़ा स्विच ऑफ

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

बीते सप्ताह नगर निगम बजट सम्मेलन में वंदे मातरम् नहीं गाकर विवादों में आई कांग्रेसी पार्षद रुबीना खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब रुबीना को मजबूरन अपना मोबाइल फोन बंद करना पड़ा है। दरअसल, खान के मोबाइल नंबर पर नए नंबरों से कॉल आ रहे हैं और लोग फोन उठा कर उन्हें वंदे मातरम् कह रहे है। हर रोज हर मिनट सैकड़ों की संख्या में फोन आने से पार्षद ने अपना मोबाइल ही बंद कर लिया है। पार्षद के बेटे ने खुद अपने क्षेत्र के वॉट्सऐप ग्रुप पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने हिंदू संगठनों को इसका जिम्मेदार ठहराया है।

### पुलिस ने फोजिया के बयान किए दर्ज

इस पूरे मामले में एक अन्य कांग्रेसी पार्षद फोजिया शेख के सोमवार को एमजी रोड थाना पुलिस ने बयान लिए हैं। उनसे पुलिस ने इस पूरे मामले की जानकारी ली है। उल्लेखनीय है कि फोजिया ने भी वंदे मातरम् नहीं गया था। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिकायत

महिला पार्षद रुबीना के इस बयान के बाद कि 'जबरदस्ती वंदे मातरम् नहीं बुलवाया जा सकता'। इसके बाद उन्हें लोग बार-बार कॉल करके वंदे मातरम् कहते ही कॉल काट देते हैं। लगातार कॉल्स और दबाव के चलते इंदौर की महिला पार्षद ने फोन ही स्विच ऑफ कर दिया। फिलहाल यह मुद्दा शहर में बड़ा विवाद बन चुका है, जिसमें राजनीति और व्यक्तिगत अधिकारों की बहस तेज हो गई है।

आरएसएस और हिंदू संगठनों ने पार्षद रुबीना खान का मोबाइल नंबर अपने सारे ग्रुपों में शेयर कर दिया है। हर पांच मिनट में फोन कॉल आ रहे हैं और वंदे मातरम् कर रहे हैं। इसलिए फोन बंद करना पड़ गया है।

**टीचरों के साथ शिक्षित युवा बेरोजगार भी टेट में बैठेंगे, पुनर्विचार याचिका की भी तैयारी**

# 70 हजार शिक्षकों को देना होगी पात्रता परीक्षा, डीपीआई ने शुरू की तैयारी

**इंदौर ● इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

पात्रता परीक्षा में मप्र के सिर्फ 70 हजार शिक्षक बेटेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने इसके लिए कर्मचारी चयन मंडल से संभावित तारीख मांगी है। जैसे ही वहां से तारीख आएगी तो डीपीआई परीक्षा की स्थिति को स्पष्ट कर देगा। विभाग ने जहां पूरी तैयारी की तो परीक्षा एजेंसी भी केंद्र निर्धारण करने में जुटी हुई है। कारण है कि इन शिक्षकों के साथ अन्य शिक्षित बेरोजगारों के लिए भी टेंट एग्जाम में अवसर खोले गए हैं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद डीपीआई ने शिक्षकों की पात्रता परीक्षा के लिए मार्च में कर्मचारी चयन मंडल को प्रस्ताव भेजा था। संचालनालय का कहना है कि जुलाई तक परीक्षा कराना है। परीक्षा का जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें कार्यरत 70 हजार शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षित बेरोजगारों के लिए भी पात्रता परीक्षा के विकल्प खुले हुए हैं। विभाग का कहना है कि शिक्षित बेरोजगार भी इस परीक्षा में टीचरों के साथ एलिजिबिलिटी टेस्ट दे सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारी चयन मंडल से भी चर्चा की है। पात्रता परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ सकती है। इसलिए व्यवस्थित तरीके से परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जा रहा है। नतीजतन एग्जाम तिथि में विलंब हो सकता है लेकिन अप्रैल के अंत तक तिथि धोषित कर दी जाएगी और आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शिक्षा विभाग में अधिकारियों का कहना है कि टीचरों के लिए पत्रता परीक्षा पास करने के लिए दो साल का समय निर्धारित किया गया है अफसर यह भी कहते हैं कि शिक्षकों के लिए यह अवसर और भी बढ़ाया जाए। इस पर भी विचार किया जा रहा है। शिक्षक यदि एक बार परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करता है तो उसे दोबारा मौका मिलेगा। कोशिश की जा रही है कि इन्हें तीसरा अवसर भी दिया जाए। इनके लिए कोचिंग एवं मॉडल आंसर की व्यवस्था पर भी विचार जारी है ताकि कोई भी शिक्षक अनुत्तीर्ग न रह सके और यह पात्रता परीक्षा पास करके बेहतर सेवा कर सके।

### सरकार ने कोर्ट जाने के लिए विधि से मांग अभिमतः

शिक्षको की मांग पर स्कूल शिक्षा विभाग कोर्ट जाने की भी तैयारी कर रहा है। शिक्षा मंत्री भी कह चुके हैं कि हम विधि विभाग का मत ले रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में विधिक राय ले रहीहै। विभाग ने उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों का भी अध्ययन किया है कि यहां की सरकारें भी उच्चतम न्यायालय गई है लेकिन वहां से परीक्षा पर कोई स्थगन नहीं मिल पाया है। लेकि? फिर भी विभाग शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है।

### 1998 से 2005 के पूर्व भर्ती शिक्षक ही देंगे परीक्षा

अधिकारियों का कहना है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति 1998 और 2006 के पूर्व हुई है सिर्फ उन्हीं की परीक्षा होगी। उस समय इनकी नियुक्ति निकायों और पंचायते के माध्यम से हुई थी। उस वक्त इनकी पात्रता परीक्षा नहीं करवाई गई थी। अधिकारियों के अनुसार स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग में सिर्फ 70 हजार है, केवल यही शिक्षक एग्जाम में बैठेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।